हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार 2 दिसंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

12 जिला अस्पताल में हुआ विश्व एड्स दिवस पर ...



10 अगले माह से दौड़ेंगी ईवी बसें, बालोद रायपुर ...



## खबर संक्षेप

### युवक पंकज साहू गुम, परिवार ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

**बेमेतरा।** जिले के थाना साजा में गुमशुदगी का मामला सामने आ रहे है। दी गई जानकारी के अनुसार सूचनाकर्ता राम विलास साहू पिता रामप्रसाद साहू उम्र 60 साल पता ग्राम खिसोरा चौकी देवकर थाना साजा ने अपने छोटा लडका दुर्गेश कुमार के साथ थाना हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनका लडका पंकज साहू उम्र 26 साल जो अपने नानी कुदाबाई के घर वार्ड नबर 01 भाठापारा साजा में से 11 साल से रह रहा है। 28 नवम्बर की सुबह करीबन 6 बजे अपने लडका पंकज साहू को फोन लगाया तो उसका नम्बर बन्द आया तो मैं अपने सास कुदाभाई को पूछा तो बताई कि पंकज साहू सुबह से घर में नहीं है। घर में किसी को बताये बिना कहीं चला गया है। तब अपने लडका पंकज साहू का पता तलाश आस पडोस नाते रिश्तेदारों में पतासाजी किया। इसके बावजूद कोई पता नहीं चल पाया है। पता तलाश करने के बाद दिनाक 29 नवम्बर 2025 को थाना साजा आकर गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज करा रहा हूँ। हुलिया रंग गोरा, कद 5/7 फीट, सामान्य बदन, बाल काला, सफेद शर्ट, नीला जीस पहना है कक्षा बीए फाईनल तक पढ़ा है। हिन्दी छत्तीसगढ़ी बोलता है। अपने साथ स्मार्ट फोन रखा है प्रार्थी के रिपोर्ट पर गुम इंसान क्रमांक 60/2025 कायम कर जांच पतासाजी में लिया गया। गुमशुदा की पतासाजी हेतु सर्व थाना/चौकी प्रभारी कन्ट्रोल रूम डीसीआरबी शाखा बेमेतरा को जरिये आरएम के सूचना भेजी गई।



### शराब की तस्करी में लिप्त 4 आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** नंदिनी नगर थाना क्षेत्र में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जिले में अवैध शराब के परिवहन पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 28 पेटी देसी शराब बरामद की गई है जिसकी कीमत लगभग 1 लाख 35 हजार 400 रुपये बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि धमधा मार्ग से नंदिनी खुंदिनी की तरफ पुरानी टाटा सफारी में शराब की तस्करी की जा रही है। टीम ने तुरंत रेड डाली और वाहन को रोककर तलाशी ली। कार में ग्राम डूमर नंदिनी नगर निवासी नरेश कुर्रे उम्र 38 वर्ष, गिरहोला नंदिनी नगर निवासी लवकेश उर्फ बबलू उम्र 30 वर्ष, ग्राम डूमर नंदिनी नगर निवासी आर्यन कुमार लहरे उम्र 24 वर्ष, वार्ड 4 अहिवारा निवासी प्रभू बारले उम्र 24 वर्ष मौजूद थे।

**तैयारी :** कलेक्टर ने अधिकारियों की बुलाई बैठक, सुरक्षा और व्यवस्थाओं पर हुई विस्तृत चर्चा

# राज्य स्तरीय गुरु घासीदास जयंती की तैयारियां जोरों पर, कलेक्टर ने ली महत्वपूर्ण बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

18 दिसंबर से मनाई जाने वाली गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर इस वर्ष भी भव्य एवं विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसी कड़ी में सोमवार सुबह 10 बजे कलेक्टर रणबीर शर्मा ने नवागढ़ ब्लॉक के जनपद पंचायत सभागृह में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, पंचायत स्तर पर तैयारियाँ, सुरक्षा व्यवस्था तथा आमजन की सुविधा को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि नवागढ़ में राज्य स्तरीय गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम आयोजित किया जाना प्रस्तावित है, जिसके सफल एवं भव्य आयोजन के लिए सभी विभागों को अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन गंभीरता से करना होगा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि आयोजन में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो और सभी श्रद्धालुओं को सुगम व सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जाए।

### कलेक्टर ने तैयारियों का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

राज्य स्तरीय गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम की महत्वपूर्ण बैठक के उपरांत कलेक्टर जिला अधिकारियों के साथ सीधे जैतखाम स्थल पहुँचे। यहाँ आगामी प्रस्तावित पूजा–अर्चना, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं श्रद्धालुओं के आगमन को ध्यान में रखते हुए उन्होंने पूरे परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया। जैतखाम स्थल को कार्यक्रम का मुख्य केंद्र मानते हुए कलेक्टर ने सबसे पहले जगह-जगह की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की भीड़, सुरक्षा एवं व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पूरे परिसर को सुव्यवस्थित, स्वच्छ और सुरक्षित बनाया जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने देखा कि बड़े पैमाने पर श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए परिसर में व्यापक सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल की उपलब्धता, अस्थायी शेड, बैरिकेडिंग, पार्किंग स्थान और मार्गदर्शन केंद्र जैसी व्यवस्थाएँ अत्यंत आवश्यक हैं।

उन्होंने संबंधित सीएमओ को निर्देश दिए कि परिसर में लगातार सफाई हो, कचरा निपटान की विशेष व्यवस्था की जाए, पेयजल एवं शौचालयों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, प्रकाश व्यवस्था समय से पहले पूर्ण की जाए, पूरे क्षेत्र में सुगम आवागमन के लिए पथों का समतलीकरण किया जाए। जैतखाम परिसर निरीक्षण के उपरांत कलेक्टर शर्मा राज्य स्तरीय गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर होने वाले मुख्य आयोजन स्थल हाई स्कूल प्रांगण पहुँचे।

यहाँ उन्होंने कार्यक्रम के दौरान होने वाले मंचीय कार्यक्रम, सांस्कृतिक गतिविधियों और आमजन की बैठने की व्यवस्था को लेकर विस्तृत निरीक्षण किया।कलेक्टर ने सबसे पहले पूरे मैदान का जायजा लिया और विभिन्न विभागों-पीडब्ल्यूडी, पीएचई एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ स्थल पर ही चर्चा कर आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए।

### तीन दिवसीय कार्यक्रम में शामिल होंगे लाखों श्रद्धालु और केंद्रीय मंत्री की संभावित उपस्थिति



**तीन दिवसीय कार्यक्रम 26, 27 और 28 दिसंबर**

कलेक्टर ने बताया कि नवागढ़ ब्लॉक में 26, 27 और 28 दिसंबर को तीन दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होंगे। इन कार्यक्रमों में विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियाँ, आध्यात्मिक सभाएँ, सतनाम सेवा शिविर, जनजागरण कार्यक्रम तथा सामाजिक एकता पर आधारित विशेष आयोजन शामिल रहेंगे। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि केंद्रीय मंत्री के आगमन की संभावना है, जिसके मद्देनजर प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियाँ की जा रही हैं।कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को अवगत कराया कि इस राज्य स्तरीय आयोजन में 1 लाख से अधिक श्रद्धालु एवं अनुयायी नवागढ़ पहुंच सकते हैं। ऐसे में उनकी आवागमन व्यवस्था, पार्किंग, साफ–सफाई, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधाएँ, विश्राम स्थल एवं मार्गदर्शन केंद्र जैसी व्यवस्थाओं को पूरी तत्परता के साथ सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि भीड़ नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था की दृष्टि से किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। कार्यक्रम स्थल के पूरे क्षेत्र को सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील मानते हुए पुलिस, होमगार्ड एवं प्रशासनिक अधिकारियों की विशेष तैनाती की जाएगी।कार्यक्रम के सुचारू संचालन हेतु कलेक्टर ने निर्देश दिया कि 25 दिसंबर सुबह 8 बजे से मजिस्ट्रेट ड्यूटी लगाई जाए। सभी विभागों के अधिकारियों को अपने–अपने कार्य क्षेत्र में निरंतर निगरानी रखने और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया। उन्होंने विशेष रूप से जनप्रतिनिधियों, हितग्राहियों और आम जनमानस के बैठने की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

# 9 दिनों में 3 फीसदी वोटरों को खोजने में करनी होगी मशक्कत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पिछले चार नवंबर से शुरू हुए मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम एसआईआर को लेकर मचे राजनैतिक घमासान के बीच

- एसआईआर : साढ़े सात लाख अधिक वोटरों की एंट्री, हफ्तेभर बढ़ी डेट लाइन

प्रशासन ने 27 दिनों में 8 लाख 01 हजार 756 मतदाताओं में से 7,लाख 79 हजार 842 फॉर्म डिजिटाइज्ड किए जा चुके हैं, जिससे जिले का कुल डिजिटाइजेशन 97.27% है। जिस तरह से साढ़े सात लाख से अधिक वोटरों की ऑनलाइन एंट्री का काम पूरा कर लिया है उस हिसाब से 21 हजार कुछ वोटरों का गणना पत्रक जमा करने का काम शेष रह गया है। इस बीच निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर की अंतिम तिथि 4 दिसंबर की बजाए 11 दिसंबर कर दी है। जिससे छूटे हुए मतदाताओं और प्रशासनिक अमले ने राहत की सांस ली है। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चल रहे एआईआर की प्रक्रिया में जिले के कुल 8 लाख 1 हजार 842 मतदाताओं से सन 2003 की मतदाता सूची के ▶▶| शेष पेज 11 पर

### नवागढ़ विधानसभा रहा सबसे आगे- 97.76%

70-नवागढ़ विधानसभा में कुल 2,82,671 मतदाताओं के फॉर्म वितरित व संग्रहित किए गए। यहाँ डिजिटाइज्ड फॉर्म की संख्या 2,76,342 रही और डिजिटाइजेशन प्रतिशत 97.76% दर्ज किया गया, जो जिले में सर्वोच्च है। इस क्षेत्र में अधिकाधिक मतदान केंद्रों में 100% कार्य पूरा किया गया है। कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा के सतत निरीक्षण और निर्देशों के कारण नवागढ़ क्षेत्र ने एसआईआर अभियान में उल्लेखनीय प्रगति की है।

**बेमेतरा विधानसभा में 97.72% डिजिटाइजेशन:** 69-बेमेतरा विधानसभा में कुल 2,57,087 पंजीकृत मतदाताओं के लिए एसआईआर कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। डिजिटाइज्ड फॉर्म की संख्या 2,51,228 तक पहुँच गई है, जिससे यहाँ का डिजिटाइजेशन प्रतिशत 97.72% रहा। अधिकांश मतदान केंद्रों में 100% डिजिटाइजेशन पूरा होने से यह क्षेत्र जिले के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले क्षेत्रों में शामिल हो गया है।

**साजा विधानसभा क्षेत्र में 96.29% दर्ज हुआ:** 68-साजा विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर कार्य अत्यंत व्यवस्थित ढंग से किया गया। क्षेत्र में कुल 2,61,998 मतदाताओं के लिए प्रिंटेड फॉर्म वितरित किए गए और इनमें से लगभग सभी का संग्रहण व डिजिटाइजेशन ▶▶| शेष पेज 11 पर

# ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों ने वेतन विसंगति पर स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल से मुलाकात की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के पदाधिकारी और सदस्यों ने जिला अध्यक्ष राजेश जायसवाल के नेतृत्व में स्वास्थ्य मंत्री के बेमेतरा

- स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन, कई वर्षों से लंबित मुद्दे पर जताई चिंता

आगमन पर मुलाकात की और ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों की वेतन विसंगति का मुद्दा उठाया ओर उन्हें ज्ञापन सौंपा। इस दरमियान ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ कई वर्षों से वेतन विसंगति से जूझ रहे हैं। मंत्री ने आश्वासन दिया कि वेतन विसंगति दूर करने की प्रक्रिया चल रही है और जल्द समाधान होगा।

संघ ने कहा कि पहले भी मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और उच्च अधिकारियों से मुलाकात के बाद सिर्फ आश्वासन मिला था। गौरतलब है कि ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक बिना



सुविधा के ग्रामीण क्षेत्रों में निवास कर सभी 28 राष्ट्रीय कार्यक्रमों और 14 योजनाओं का क्रियान्वयन करते हैं जिसके बदौलत स्वास्थ्य विभाग का रिपोर्ट कार्ड बनता हैं और मरीजों कों मिलने वाले स्वास्थ्य सुविधा का मूल्यांकन किया जाता हैं! इनकी मांग है कि राज्य में समान योग्यता, प्रशिक्षण और कार्य की प्रकृति एक होने के बाद भी नेत्र सहायक, लैब टेक्निशियन, और रेडियोग्राफर की 2800 ग्रेड पे से बहुत कम 2200 ग्रेड पे हैं जबकि सभी की योग्यता 12 वीं पास एक - दो वर्ष प्रशिक्षण और एक राष्ट्रीय कार्यक्रम का संचालन करते हैं जबकि एक ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक28 राष्ट्रीय कार्यक्रम और 14 योजनाओं का सफल संचालन निर्धारित लक्ष्य के अनुसार करता हैं उसके बाद भी वेतन बहुत कम हैं इसी वेतन विसंगति कों दूर कराने के लिए दोनों सरकार भाजपा और कांग्रेस के शासन काल में कई ज्ञापन आवेदन निवेदन और धरना प्रदर्शन, आंदोलन कर चुके हैं जिसके बाद भी आज वर्तमान तक हमारा वेतन विसंगति दूर नहीं हुआ हैं।

**ये रहे उपस्थित:** जिलाध्यक्ष - राजेश जायसवाल, ज़िला महिला प्रकोष्ठ - नंदेश्वरी पासवान, ज़िला उपाध्यक्ष टोपी राम चन्द्राकर, महामंत्री रामावतार साहू, जिला सचिव सुखनाथ गन्धर्व, ज़ीचिव देवेंद्र नामदेव, ज़िला कोषाध्यक्ष - हिरदेशाय जोशी, इस राकेश बंछोर, रेवेन्द्र चन्द्राकर निलांबर साहू, ब्लॉक ▶▶| शेष पेज 11 पर

**अनुशासनहीनता व मनमानी पर परपोड़ा स्कूल के शिक्षकों को एबीईओ का नोटिस जारी**

# स्कूलों में अनुशासनहीनता व शिक्षकों-छात्रों की लेटलतीफी उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

विकासखंड के ग्राम परपोड़ा में स्कूलों के निरीक्षण के दौरान शैक्षिक लापरवाही की चौंकाने वाली तस्वीर सामने आई। जिसमे सहायक विकासखंड अधिकारी नारायण ठाकुर और जनपद सदस्य नीरज राजपूत के द्वारा आकस्मिक निरीक्षण में शिक्षक और छात्र दोनों ही स्कूल समय का उल्लंघन करते पाए गए। जिससे परपोड़ा शियक्षेत्र शिक्षा की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठने लगा है।

दरअसल परपोड़ा गाँव के शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला में स्थानीय सजग जनप्रतिनिधियों एवं जिम्मेदार अफसरों की अकस्मात निरीक्षण में सुबह 7:35 बजे केवल 5 बच्चे की उपस्थिति स्कूल में पाई गई जप स्कूल प्रांगण में केवल संकुल समन्वयक ईश्वर निर्मलकर के साथ मौजूद थे। ततपश्चात स्कूल में सुबह 08 बजे के बाद प्राइमरी के प्रधान पाठक और अन्य शिक्षक भी 8 बजे के बाद धीरे-धीरे उपस्थित हुए। वही इस दौरान ▶▶| शेष पेज 11 पर





### हायर सेकंडरी स्कूल में भी अनुशासनहीनता का मामला

जबकि परपोड़ा के ही शासकीय चंद्रशेखर आजाद हायर सेकेंडरी स्कूल में प्राचार्य की स्कूल में एंट्री 10:30 बजे हुई। जिससे क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था के हकीकत पोल खुल गयी। वही अगली कड़ी में निरीक्षण टीम इसी गाँव के ही हायर सेकेंडरी स्कूल में जनपद सदस्य नीरज राजपूत ग्रामीणों के साथ सुबह 7:30 बजे निरीक्षण के लिए पहुँचे, लेकिन स्कूल पूरी तरह सुनसान था। जिसमे शिक्षकों की लेटलतीफी स्पष्ट देखने को मिली। इस दरम्यान शिक्षक बी.एल. कुर्रे 7:43 बजे और दिव्या देवांगन 8:05 बजे पहुँचीं।जबकि स्कूल में 8:10 बजे प्रार्थना हुई, जबकि उस समय तक केवल 2 से 4 बच्चे ही आए थे। वही स्कूल के प्रभारी प्राचार्य जे.एल. पारधी स्वयं सबसे अंत में, सुबह 10:30 बजे तक स्कूल पहुँचे, जो देखा जाए तो घोर अनुशासनहीनता है। वही इस स्कूल में बच्चे 8:30 बजे के बाद भी लगातार आ रहे थे, और उन्हें स्कूल शुरू होने का सही समय तक पता नहीं था। बच्चे पीछे महामाया मंदिर के पास आराम से बैठे पाए गए।

### अनुशासनहीनता पर जनप्रतिनिधि का आक्रोश

इस सम्बंध में स्थानीय निवासी एवं बेरला जनपद सदस्य नीरज राजपूत ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी को कॉल के माध्यम से सूचना दी गई, पर कार्रवाई की गति धीमी है। उन्होंने आरोप लगाया कि जी.पी.एस. कैमरा(समय, दिनांक, जगह सहित) के सबूत भेजने पर भी जिम्मेदार अधिकारी आँखें बंद कर लेते हैं। साथ ही जनपद सदस्य ने कहा कि जब जनप्रतिनिधि की बात नहीं सुनी जा रही है और सिस्टम सुधारा नहीं जा रहा है, तो आम नागरिक शिक्षा विभाग से कोसों दूर हैं। उन्होंने जोर दिया कि जब शिक्षक ही व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं, तो बच्चों से अनुशासन की अपेक्षा करना व्यर्थ है। फिलहाल शिक्षा पर लाखों रुपये खर्च करने के बावजूद, शिक्षकों और जिम्मेदार अधिकारियों की यह घोर लापरवाही बच्चों के भविष्य को गंभीर खतरे में डाल रही है।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 297. खुशी नायक पिता\पति संदीप नायक पता - रावन भाटा रायपुर, 298. भारत लाल चतुर्वेदी पिता\पति स्व. ताराचंद चतुर्वेदी पता- रावतपुरा कॉलोनी फेज 01 मठपुरेना रायपुर, 299. भावना वर्मा पिता\पति खोमन वर्मा पता- जागृति नगर बीरगांव, 300. प्रियंका ठाकरे पिता\पति सचिन ठाकरे पता- संजय नगर रायपुर, 301. श्रीकांत वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता- डिरापारा रायपुर, 302. इन्द्राणी रमेश शर्मा पिता\पति ब्यास नारायण मिश्रा पता - ब्राम्हण पारा रायपुर, 303. भाविका साहू पिता\पति गौतम साहू पता - वेदाता सिटी कांदुल रोड, 304. लक्ष्मीकान्त यादव पिता\पति जे.एल. यादव पता - मठपारा रायपुर, 305. संतोषी यादव पिता\पति सतीश यादव पता- पुरानी बस्ती रायपुर, 306. प्रेमचंद साहू पिता\पति टेटकू राम साहू पता – पिपरौद, 307. खुमेश साहु पिता\पति प्रेम लाल साहु पता- तर्रा पोस्ट -सुरसाबाँधा, 308. चुन्नी निर्मलकर पिता\पति पुनीतराम निर्मलकर पता-सेमरा भखारा, 309. तोवा राम साहू पिता\पति स्व. पंचराम साहू पता- नगरी, 310.कुनाल साहू पिता\पति डोमेन्द्र साहू पता- सांकरा , नगरी, 311. अमन कन्नौजे पिता\पति एस.आर. कन्नौजे पता- वार्ड न. 43 बसंतपुर राजनादगांव, 312. रेणुका श्रीवास्तव पिता\पति एस .एल श्रीवास्तव पता- रेवाडीह वार्ड न. 21, 313. प्रज्वल पाटिल पिता\पति जसवंत पाटिल पता- वार्ड न.-16, बैलापसरा राजनादगांव, 314. यशवंत कुमार सप्रे पिता\पति ईतवारी राम सप्रे पता- बेमेतरा, 315. टीकाराम सेन पिता\पति सुकदेव राम सेन पता- बरदेभाठा चौक कांकेर, 316. दुलेश्वरी पिता\पति मुकेश कुमार पता- डौंडी नगर भंडारी पारा वार्ड न. 08, 317. सुमन ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 318. खोमराज पटेल पिता\पति भवर लाल पटेल पता- नर्रा, 319. महेश आमदे पिता\पति भुलऊराम आमदे पता- कवर्धा, 320. तेजनाथ साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- कमल कॉलोनी बलौदाबाजार, 321. सुयश आचार्य पिता\पति प्रशांत आचार्य पता- अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 322. पंकज कुमार साहू पिता\पति छत्रपाल साहू पता-पोटियाकला दुर्ग, 323. बलदाऊ लाल साहू पिता\पति स्व. राम्लू लाल साहू पता- आदर्श स्ट्रीट रामनगर भिलाई, 324. डिम्पल चौधरी पिता\पति नन्द जंघेल पता-दुर्गा पारा मुकम खदान सुपेला, 325. जानवी टंडन पिता\पति M.L.टंडन पता-वेदांत नगर फेज-2 उमरपोटी, 326. अथर्व विकास बेहेरे पिता\पति विकास विनायक बेहेरे पता-सुभाष नगर, 327. ईशा राजपूत पिता\पति अशोक राजपूत पता-सुभाष नगर वार्ड 42 दुर्ग, 328. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता-पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 329. स्वीकृति चौहान पिता\पति बिरेन्द्र चौहान पता- साहू पारा रामनगर भिलाई, 330. गजरा सोनी पिता\पति ननकू प्रसाद सोनी पता-दुर्ग, 331. रितिका साहू पिता\पति ताम्रध्वज साहू पता- कोहिका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण-** 332. अफरोज बानो, पिता/पति- मुनव्वर खान पता- आदर्श चौक मंगला, बिलासपुर 333. राजकुमारी साहू पिता/पति- बाबू लाल साहू पता- बहतराई, बिलासपुर, 334. सुलोचना कुर्रे पिता/पति- राजाराम कुर्रे पता- बंधवा पारा सरकंडा, बिलासपुर, 335. कुसय हुसैन पिता/पति-मुश्ताक हुसैन पता- खपरगंज बिलासपुर, 336. आरती शर्मा पिता/पति- स्व.एम.एल.शर्मा पता- गुरूनानक चौक, बिलासपुर, 337. मनोज नाथानी पिता/पति- माधसव दास नाथानी पता- रामा वैली आर-8-11, बिलासपुर, 338. साक्षी साहू पिता/पति-चंद्रशेखर साहू पता- तोरवा बिलासपुर, 339. प्रियंका शर्मा पिता/पति- श्री पवन शर्मा पता- ईदगाह रोड, बिलासपुर, 340. राकेश सिंह राजपूत पिता/पति- विजय सिंह राजपूत, पता- सांई नगर, उस्लापुर बिलासपुर 341. मालती साहू पिता/पति-देवलाल साहू पता- बाजार चौक, यदुनंदन नगर, तिफरा बिलासपुर, 342. सतीश कुमार साहू पिता/पति- बुधराम साहू पता- तिफरा बिलासपुर, 343. अर्थव यादव पिता/पति-सुदर्शन यादव पता- कस्तूरबा नगर, बिलासपुर, 344. माही यादव पिता /पति - सूरज यादव, पता- पड़ावपारा कोटा, 345. सुशील कुमार पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 346.सुमन सूर्यवंशी पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 347. जानवी कौशिक पिता /पति - सनत कौशिक, पता - खमरिया काठाकोनी, 348. साधना भगत पिता /पति - गोपाल राम भगत , पता – रतनपुर, 349. नरेश गोयल पिता /पति - नैवत राम गोयल, पता -पेण्ड्रा रोड , 350. किरण पांडे पिता /पति - रवि शंकर पांडे पता - पुरानी बस्ती मस्तूरी, 351. हर्षिता कौशिक पिता /पति - उमाशंकर कौशिक पता - सिचाई कालोनी सकरी, 352. दीपक कुमार यादव पिता /पति - जीवन लाल यादव पता - कर्रा सीपत, 353. प्रियंका सूर्यवशी , पिता /पति - नारायण प्रसाद सूर्यवंशी, पता - भरारी जांजगीर जिला, 354 दिनेश कुमार यादव, पिता /पति - नर्मदा प्रसाद यादव, पता- शकुल पारा खरौद **भोपाल संस्करण-** 355. शिवन्या जाटव पिता\पति - स्व मोनू जाटवमकान न. 2597 राजीव नगरकोटरा, 356. हर्षिता तोमर पिता\पति - देवेन्द्र सिंह तोमर `नेहरू नगर भोपाल, 357. साबरा बी पिता\पति - मो. जोएब 126 इंद्रा नगर टीला जमालपुरा, 358. जाकिया आमिर पिता\पति - मो. आमिरबाग मुफ्ती साहबकबीटपुरा, 359. पवन यादव पिता\पति - मांगीलाल ग्राम नून्या हेड़ीराजगढ़, 360. मधु दांगी पिता\पति - सोमराज दांगीशर्मा कॉलोनी प्रताप वार्डबीना, 361. पूनम दांगी पिता\पति - नीरज सिंह दांगीसागौनीगुरू सागर, 362. फैजान खान पिता\पति - आतिफ खान सीहोर नाका सीहोर, **जबलपुर संस्करण-** 363. निधि अग्रवाल पिता\पति- रतन अग्रवाल लाल कुआं हनुमानतल जबलपुर, 364. भारती मिश्रा पिता\पति – स्व. राजकुमार दुबे रिछाई जबलपुर, 365. रजनी सुदीशा पिता\पति- उत्तम कुमार सुदिशा बिरसिंहपुर पाली उमरिया, 366. शरद विश्वकर्मा पिता\पति - हरलाल विश्वकर्मा छपारा सिवनी, 367. मनीष विश्वकर्मा पिता\पति - इंद्रजीत विश्वकर्मा प्रेम नगर इसाई मोहल्ला मदन महल, 368. नरेश नाईक पिता\पति - स्वर्गीय पंढरीनाथ नाईक शिवनगर गढ़ा जबलपुर, 369. राजेंद्र अहिरवार पिता\पति - नारायण प्रसाद अहिरवार मकान नंबर 113 छिंवला ग्वारीघाट जबलपुर, 370. श्रुति शुक्ला पिता\पति - सुधीर कुमार शुक्ला मकान नंबर 361 दुर्गा कॉलोनी शीतला माई वार्ड घमापुर जबलपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

# भिलाई शहर के मकानों, जमीनों और दुकानों का होगा ड्रोन सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी भिलाई ने एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी का प्राथमिक उद्देश्य भिलाई शहर में संपत्ति कर प्रणाली को अधिक कुशल, पारदर्शी और सटीक बनाना है। इस एमओयू के तहत आईआईटी भिलाई द्वारा नगर पालिक निगम भिलाई के लिए शहर की मकानों, जमीनों, एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का एक व्यापक ड्रोन सर्वेक्षण किया जा रहा है। इस अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग कर शहर की सभी संपत्तियों का सटीक मानचित्रण किया जाएगा, जिससे उनके वास्तविक क्षेत्रफल और उपयोग का पता लगाया जा सके।

## आईआईटी भिलाई और नगर पालिक निगम भिलाई के बीच महत्वपूर्ण समझौता



### बिना रिकार्ड वाली संपत्तियों की मिलेगी जानकारी

ड्रोन सर्वे से निगम क्षेत्र के भीतर सभी नई और बिना रिकॉर्ड वाली संपत्तियों की पहचान कर पाएंगे। संपत्ति के आकार और प्रकार के आधार पर सम्पत्ति कर के निर्धारण को अधिक पारदर्शी और सटीक बनाया जाएगा। शहर के संपत्ति रिकॉर्ड का एक उच्च-रिज़ॉल्यूशन, डिजिटल और अद्यतन डेटाबेस तैयार होगा। एकत्र किए गए डेटा का उपयोग भविष्य के शहरी नियोजन और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए किया जाएगा।

### स्मार्ट सिटी की दिशा में यह कदम : आयुक्त

इस अवसर पर, नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने कहा कि आईआईटी भिलाई जैसे प्रतिष्ठित संस्थान के साथ यह सहयोग भिलाई को स्मार्ट सिटी की दिशा में एक कदम आगे ले जाएगा। ड्रोन तकनीक से कर वसूली की प्रक्रिया में अभूतपूर्व पारदर्शिता और दक्षता आएगी। आईआईटी भिलाई के निदेशक ने इस साझेदारी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आईआईटी भिलाई शहर के विकास में अपनी तकनीकी विशेषज्ञता और शोध क्षमताओं का योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। यह परियोजना सरकारी प्रशासन में तकनीकी हस्तक्षेप का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। नगर निगम ने जनता से अपील की है कि वे सर्वेक्षण कार्य में लगी आईआईटी भिलाई की टीम का सहयोग करें और उन्हें अपनी संपत्ति के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान करें। यह सर्वेक्षण शहर के प्रत्येक नागरिक के हित में है और यह सुनिश्चित करेगा कि कर निर्धारण की प्रक्रिया निष्पक्ष और न्यायसंगत हो।

## खबर संक्षेप

### सेवा द्वारा ग्रुप पर्सनल एक्सीडेंट इंश्योरेंस स्कीम के लिए विकल्प

**भिलाई।** स्टील इम्प्लॉइज़ वेलफेयर एसोसिएशन बीएसपी द्वारा प्रत्येक वर्ष 1 मार्च से 28 व 29 फरवरी तक सभी सदस्य कार्मिकों के लिए ग्रुप पर्सनल एक्सीडेंट इंश्योरेंस स्कीम (जीपीएआईएस) संचालित की जाती है। इस योजना के अंतर्गत किसी दुर्घटना की स्थिति में मृत कर्मचारी के आश्रितों को संबंधित बीमा कंपनी द्वारा पॉलिसी की नियम एवं शर्तों के अनुसार पात्रता होने पर मुआवजा राशि का भुगतान किया जाता है। वर्ष 2026-27 हेतु यह मुआवजा राशि रु. 30 लाख निर्धारित की गई है।
इस योजना के लिए प्रतिवर्ष एल-1 के आधार पर किसी प्रतिष्ठित बीमा कंपनी का चयन किया जाता है। चयनित कंपनी को पॉलिसी का संचालन सौंपा जाता है। निर्धारित प्रीमियम राशि का भुगतान सदस्य कार्मिकों के वेतन से सामूहिक कटौती के माध्यम से किया जाता है। पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी शासी समिति, सेवा द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि वर्ष 2026-27 की प्रस्तावित पॉलिसी से पूर्व सदस्य कार्मिकों की सहमति प्राप्त की जाए। इसी क्रम में यदि कोई कार्मिक इस योजना में शामिल नहीं होना चाहता है तो वह दिनांक 15 दिसंबर 2025 तक ई-सहयोग पोर्टल में उपलब्ध नहीं विकल्प का चयन कर अपनी असहमति दर्ज कर सकता है। यह विकल्प नहीं भरने वाले कार्मिकों के सन्दर्भ में यह मान लिया जाएगा कि वे उन्हें योजना में सम्मिलित होने हेतु सहमत हैं।

## सामान्य बसों से कम होगा किराया, गर्मी में एसी का आनंद लेंगे यात्री

# अगले माह से दौड़ेंगी ईवी बसें, बालोद रायपुर, नांदगांव का सफर होगा सस्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दुर्ग में 50 इलेक्ट्रिक सिटी बसें जल्द शुरू होने वाली हैं। 6.35 करोड़ की लागत से बन रहा ई-बस डिपो अंतिम चरण में है। फास्ट चार्जिंग सबस्टेशन और आधुनिक सुविधाओं के साथ जिले के लोग नए सफर की तैयारी में उत्साहित हैं। दुर्ग जिले के लोग काफी लंबे समय बाद नई सौगात मिलने वाली है। दिसंबर अंत या जनवरी तक इलेक्ट्रिक बस डिपो का कार्य पूरा होने वाला है। कार्य पूर्ण होते ही सड़कों पर इलेक्ट्रिक सिटी बसें उतरने वाली हैं। लोग इसे लेकर उत्साहित भी हैं और उम्मीद भी कर रहे हैं कि इससे रोजमर्रा की यात्रा थोड़ी आसान होगी। नेहरू नगर वायपास रोड के किनारे इलेक्ट्रिक बस डिपो तेजी से तैयार हो रहा है। पूरा प्रोजेक्ट करीब 6 करोड़ 35 लाख रुपये का है। डिपो में 50 बसों को खड़ा करने की सुविधा होगी।

अलग खबर

### निर्माणाधीन नया बस स्टैंड



### बनाया जा रहा है 3000 किलोवाट का सबस्टेशन

सबसे खास बात यह कि बसों के फास्ट चार्जिंग के लिए 3000 किलोवाट का सबस्टेशन बनाया जा रहा है। मतलब बसों के आने-जाने में कोई दिक्कत नहीं होगी। डिपो तैयार होने के बाद दुर्ग क्लस्टर की सभी रूटों पर इलेक्ट्रिक बसों का संचालन होगा। भिलाई से रायपुर, दुर्ग, बेमेतरा, बालोद, राजनांदगांव जैसे रूटों पर लोग इन बसों में सफर कर सकेंगे। शहर की हवा साफ होगी और यात्रियों को भी सफर में थोड़ी राहत मिलेगी। निगम का कहना है कि आधुनिक डिपो का उद्घाटन हो चुका है और अब पूरा ध्यान बसों के संचालन पर है। मेंटेनेंस से लेकर चार्जिंग तक, हर सुविधा एक ही जगह मिलेगी। बसें कब सड़क पर उतरेंगी, इसकी तारीख अभी तय नहीं हुई है।

### इलेक्ट्रिक बस डिपों में मिलेंगी यात्रियों के लिए विशेष सुविधाएं

इलेक्ट्रिक बस डिपो में आने वाले लोगों को शहर की भागदौड़ से राहत महसूस हो इसके लिए डिपो के चारों तरफ लगातार पौधरोपण किया जा रहा है। बड़े छायादार पेड़ लगाए जा रहे हैं ताकि गर्मी में भी यहां ठहरने वाले लोगों को सुकून मिले। कई रंग-बिरंगे फूलों के पौधे भी लगाए जा रहे हैं। डिपो में प्रवेश करते ही हरियाली दिखे, यही सोचकर नए पौधों की खेप मंगवाई गई है। इलेक्ट्रिक बसों से प्रदूषण कम होने और आसपास का माहौल साफ-सुथरा दिखे इसलिए यह व्यवस्था बनाई जा रही है। काम करने वाले कर्मचारी बताते हैं कि डिपो को सिर्फ बसों के संचालन केंद्र की तरह नहीं, बल्कि एक पर्यावरण अनुकूल जगह की तरह विकसित किया जा रहा है। लोग यहां आएं तो उन्हें सुकून मिले।

### पहले जैसी लापरवाही ना दोहराई जाए


उल्लेखनी है कि 2015 में भी सिटी बस सेवा प्रारंभ की गई थी। उस समय शुरुआत तो अच्छी हुई थी। दुर्ग जिले में बसें चलने से लोगों को राहत मिलने लगी लेकिन कहानी ज्यादा लंबी नहीं चली। कोविड आते ही बसें बंद हो गईं। 56 सिटी बसें सुपेला के बस स्टैंड में खड़ी रह गईं। महीनों तक किसी ने उनकी तरफ देखा तक नहीं। इस कारण बसों की हालत धीरे-धीरे बिगड़ती गई। साथ ही मेंटेनेंस पर भी ध्यान नहीं दिया गया। इससे कई बसें कंडम हो गईं। कुछ के पार्ट्स तक चोरी हो गए। अब जब इलेक्ट्रिक बस डिपो बनाया जा रहा है और 50 नई ई-सिटी बसें शुरू होने वाली हैं। लोगों को एक उम्मीद जरूर है लेकिन एक डर भी है कि कहीं पहले जैसी लापरवाही दोहराई न जाए। अब असली परीक्षा यह है कि क्या इस बार सिस्टम बसों को चलाकर रख पाएगा। क्या मेंटेनेंस और निगरानी लगातार होगी। क्या यह सेवा कई साल चलेगी या फिर पुराने समय जैसी तस्वीर दोबारा दिखई देगी।

### गुणवत्ता पर दे रहे हैं ध्यान

इलेक्ट्रानिक बस डिपो का कार्य प्रगति की ओर है। दिसंबर अंत या जनवरी तक कार्य पूरा हो जाएगा। हरियाली के लिए परिसर के चारों ओर पौध रोपण किए गए है। भवनों का निर्माण हो चुका है। रंग रोगन का कार्य जारी है। अधिकारियों की देखरेख में निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जा रह है।

**-पलाश वैद्य**
सहायक नोडल अधिकारी, ननिभि

# एनएचएम कर्मियों का डे-ऑफ बायोमेट्रिक अटेंडेंस में अब्सेंट



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

जिला अस्पताल में एनएचएम कर्मियों को हड़ताल अवधि का वेतन अभी तक नहीं मिला है। इस समस्या से जूझ रहे कर्मियों की एक और नई दिक्कतें सामने आई है। डे ऑफ के दिन का बॉयोमेट्रिक अटेंडेंट में अनुपस्थिति दर्ज कर दी गई है।

- **कर्मचारियों में आक्रोश का माहौल**

जिसकी वजह से कर्मियों में रोष है। वहीं अस्पताल में नियमित स्टॉफ पर कोई पाबंदी नहीं लगाई जा रही है। कई कर्मचारी है जो अटेंडेंस लगाते हैं और काम छोड़ घंटों गायब रहते हैं। लेटलतीफ काम पर आना भी उनकी आदत में शामिल हो गई है।

### डे ऑफ का ऐसा है नियम

प्रभावित कर्मियों ने बताया कि कर्मचारियों का रविवार छुट्टी के दिन ड्यूटी आते हैं। तो उसका छुट्टी ( डे आफ) रविवार के बाद सोमवार से शनिवार के बीच एक दिन दिया जाता है। तो वो उसका भी कर्मचारियों के बायोमेट्रिक अटेंडेंट में अब्सेंट डाल दिया गया है। इसकी वजह से एनएचएम कर्मचारी कभी भी जिला चिकित्सालय दुर्ग या सीएमएचओ आफिस का घेराव कर सकते हैं। या फिर कभी भी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा सकते हैं। उनका कहना है कि कई बार तो बायोमेट्रिक अटेंडेंट नहीं चलता जिससे कर्मचारीयों को बायोमेट्रिक अटेंडेंट के लिए इधर- उधर भटकना पड़ता है। 26 नवंबर 2025 को बायोमेट्रिक अटेंडेंट दोपहर में ना लगा और कम्प्यूटर में भी नहीं लगा।

### इन दिनों का नहीं मिला है वेतन

जिला चिकित्सालय दुर्ग में एन एच एम कर्मचारियों को तीन बार के हड़ताल अवधि 1मई 2025 उसके बाद दो दिन का हड़ताल और उसके बाद अनिश्चितकालीन कालीन हड़ताल 33 दिन इस प्रकार 36 दिन का सैलरी नहीं मिला इसके साथ ही अक्टूबर (26 सितंबर 2025 से 25 अक्टूबर 2025)और नवंबर (26 अक्टूबर 2025 से 25 नवंबर 2025 तक) माह का भी सैलरी नहीं मिला है। कर्मचारियों का सैलरी 26 तारीख से 25 तारीख तक बनता है। जिससे कर्मचारीयों को घर तथा परिवार चलाने में कठिनाई का सामना करना पड़ा है।

### शिकायत का करेंगे सुधार

बायोमेट्रिक अटेंडेंस में डे-ऑफ में अब्सेंट शो हो रहा है तो उसे सुधार कर ही कर्मचारियों को वेतन जारी करेंगे। इस संबंध में कर्मचारी हमसे चर्चा कर सकते हैं।

**डॉ. आशीषन कुमार मिंज**
सिविल सर्जन जिला अस्पताल

# बिना लाइसेंस चला रहे थे दुकान, चार पर कार्रवाई, मुर्गा कटिंग पर भी लगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई नगर पालिक निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के निर्देश पर निगम की टीम ने शहर की दुकानो में साफ-सफाई और अनुज्ञप्तियों (लाइसेंस) का पालन कराने सघन अभियान चलाया। इसके तहत जोन क्रमांक 1 और जोन क्रमांक 3 के अंतर्गत आने वाले चार प्रतिष्ठानों से दंडात्मक

- **भिलाई निगम ने वसूला 4,500 रुपए का जुर्माना वसूला**

कार्रवाई करते हुए 4,500 रुपए का जुर्माना वसूला गया।

जोन 1 स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना के नेतृत्व में गठित दल ने वार्ड 6, दक्षिण गंगोत्री स्थित इंडियन बायलर एबीस चिकन सेंटर पर कार्रवाई की। प्रतिष्ठान के पास फूड लाइसेंस, गुमास्ता और अनुज्ञप्ति लाइसेंस मौके पर पाए गए, लेकिन साफ-सफाई के अभाव और गंदा पानी बहाने के कारण 1,000 रू का दंडिक शुल्क (जुर्माना) लिया गया। भविष्य में इस कृत्य की पुनरावृत्ति न करने का सख्त निर्देश दिया गया। अन्य तीन प्रतिष्ठानों, राज हंस थाली, चौहान चाय सेंटर और सलोनी स्वीट्स पर भी कचरा खुले में फेंकने और साफ-सफाई के अभाव के कारण संयुक्त रूप से 1,500 रु की कार्यवाही कर दंडिक शुल्क वसूला गया। जोन क्रमांक 3 क्षेत्र अंतर्गत 18 नंबर रोड स्थित एक अन्य इंडियन बायलर एबीस चिकन सेंटर पर भी छापामार कार्यवाही की गई।

### खुले में मुर्गा कटिंग और गंदगी फैलाने पर 4 हजार जुर्माना

शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जोन क्रमांक-2 क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई। खुले में मुर्गा कटिंग कर गंदगी और दूषित वातावरण फैलाने के आरोप में अलग-अलग स्थानों पर कुल तीन लोगों पर 4 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया। डिलन चिकन, महबूब खान, मोहम्मद आरिफ इन पर सार्वजनिक स्थान पर अस्वच्छ तरीके से व्यवसाय करने और निगम के स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने के लिए यह जुर्माना लगाया गया है।

# कार्रवाई के लिए स्वास्थ्य विभाग ने मांगी बिसरा रिपोर्ट एनेस्थिसिया डॉक्टर को हटाकर सुपेला अस्पताल भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नसबंदी के दौरान महिला की मौत मामले में कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। जिला अस्पताल प्रबंधन को पुलिस की बिसरा रिपोर्ट का इंतजार है और प्रबंधन को ड्रग रिपोर्ट की। राज्य से भी टीम आई लेकिन उसकी भी रिपोर्ट का अब तक पता नहीं है। कुल मिलाकर मामला ठंडे बस्ते में है। हालांकि अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि हमने पुलिस विभाग से बिसरा रिपोर्ट भेजने के लिए पत्राचार किया है। वहीं जिस महिला डॉक्टर डॉ. पूजा वर्मा ने मृतिका को एनेस्थिसिया दी थी उसे जिला अस्पताल से हटाकर सिविल हॉस्पिटल सुपेला भेजा गया है।

### 22 दिन पहले हुई थी नसबंदी के दौरान महिलाओं की मौत का



### 15 दिन पहले राज्य की टीम ने की थी जांच

13 नवंबर को राज्य से जांच के लिए टीम आई थी। जांच टीम के अध्यक्ष डॉ. निर्मला यादव सहित डॉ. टीके टोंडर, डॉ. प्रीति नारायण, डॉ. चंद्रा राव और डॉ. निकिता पवार ने विभिन्न पहलूओं पर जानकारी जुटाई। नसंबदी करने वाले व एनेस्थेसिया देने वाले डॉक्टरों के भी बयान लिए गए लेकिन अब तक रिपोर्ट में क्या हुआ इसका खुलासा नहीं किया गया है।

### फोरेंसिक जांच के लिए रायपुर भेजा गया है बिसरा

नसबंदी सर्जरी के बाद मृत दोनों महिलाओं के पोस्टमार्टम में उनके फेफड़े में पेट का पानी मिला है। इससे ऑपरेशन से पहले कुछ न खाने की मनाही के बाद भी दोनों के द्वारा कुछ खाने-पीने की संभावना जाहिर की गई, लेकिन इससे भी दोनों की मौत की वजह दवा रिएक्शन साबित नहीं हुआ। इसलिए फेफड़ा, बेन, स्टमक, स्पलीन आदि का टुकड़ा फोरेंसिक जांच के लिए रायपुर भेजा गया है।

### आपरेशन के दौरान हुई थी मौत

जिला अस्पताल में नसबंदी के दौरान 8 नवंबर को दो महिलाओं की तबीयत इस कदर बिगड़ी की उनकी जान चली गई। सर्जरी करने वाली टीम की प्रमुख डॉ. उज्जवला देवांगन के निगरानी में यह ऑपरेशन हुए। जानकारी के मुताबिक ओटी टेबल पर ही दोनों को झटके व अकड़न होने लगी थी। नसबंदी के बाद आनन-फानन में दोनों को 200 मीटर दूर आईसीयू में शिफ्ट करा दिया गया। दोनों महिलाओं में एक बजरंग नगर निवासी 27 वर्षीय पूजा यादव पत्नी विकास यादव ने आईसीयू में दम तोड़ दिया। दूसरी सिकोला भाटा निवासी 30 वर्षीय किरण यादव पत्नी प्रकाश यादव को बेहतर उपचार के लिए परिजन निजी सेंटर ले जाना चाह रहे थे, तभी हार्ट बीट रुक गई।

### बिसरा रिपोर्ट मांगी है

महिलाओं की मौत के मामले में पुलिस से हमने बिसरा रिपोर्ट मांगी है। पत्राचार किया है। ड्रग रिपोर्ट का भी इंतजार है। राज्य की टीम अपनी रिपोर्ट डॉयरेक्ट्रेट को सौपेंगी। फिलहाल एनेस्थिसिया चिकित्सक को हटाकर सुपेला अस्पताल भेज दिया है।

**डॉ. एके मिंज,** सिविल सर्जन जिला अस्पताल

# 20 वार्डों में दो दिन तक पानी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सोमवार और मंगलवार को आधे शहरवासियों को पेयजल नहीं मिल जाएगा। मालवीय नगर कांपलेक्स के पास 600 एमएम वाल्ब बदलने का कार्य होर्गा। जिसके लिए दुर्ग निगम ने शट डाउन लिया है। इस कार्य की वजह से शहर के 20 वार्डों में पेयजल सप्लाई बंद रहेगी।

### ये एरिया रहेंगे प्रभावित

पदमनाभपुर टंकी वार्ड नं. 43 (कसारीडीह, पूर्व), वार्ड नं. 44 (बाबा गुरूघासीदास वार्ड), वार्ड नं. 45 (पद्मनाभपुर पश्चिम), वार्ड नं. 46 (पद्मनाभपुर पूर्व) शंकर नगर टंकी वार्ड नं. 10 (शंकर नगर, पश्चिम), वार्ड नं. 11 (शंकर नगर, पूर्व), वार्ड नं. 12 (मोहन नगर, पश्चिम), वार्ड नं. 13 (मोहन नगर, पूर्व), शक्तिनगर टंकी वार्ड नं. 17 (औद्योगिक नगर, उत्तर), वार्ड नं. 18 (औद्योगिक नगर, दक्षिण), वार्ड नं 19 (शहीद भगत सिंह दक्षिण), वार्ड नं. 20 (शहीद भगत सिंह उत्तर), वार्ड नं. 21 (तितुरडीह), वार्ड नं. 22 (स्टेशन पारा) गिरधारी नगर टंकी वार्ड नं. 09 (स्वामी विवेकानंद वार्ड), वार्ड नं. 05 (मरारपारा), हनुमान नगर टंकी नं. 21 (तितुरडीह), वार्ड नं 19 (शहीद भगत सिंह दक्षिण), वार्ड नं. 20 (शहीद भगत सिंह उत्तर), वार्ड ट्रांसपोर्ट नगर टंकी वार्ड न. 16 (करहीडीह ) शनिचारी बाजार टंकी वार्ड नं. 30 (तमेरपारा), वार्ड नं. 31 (आपापुरा), वार्ड नं. 32, वार्ड नं. 33 (चंडीमंदिर), वार्ड नं. 34 (शिव पारा), वार्ड नं. 35 (रामदेव मंदिर मंदिर), वार्ड नं. 36 (गंजपारा), वार्ड नं. 37 (आजाद वार्ड), वार्ड नं. 38 (आंशिक)।

## नगर निगम भिलाई द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश में सबसे ज्यादा किया गया रेस्क्यू

# भिलाई निगम ने बनाया रिकॉर्ड, 1610 कुत्तों का बधियाकरण और वैक्सीनेशन पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर निगम भिलाई ने आवारा कुत्तों की संख्या नियंत्रित करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। निगम की रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल 2025 से अब तक 1610 कुत्तों का बधियाकरण और वैक्सीनेशन किया जा चुका है। इस मामले में भिलाई अब छत्तीसगढ़ में सबसे आगे माना जा रहा है।

स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली ने बताया कि नगरपालिक निगम भिलाई निरंतर कुत्तों की प्रजनन में कमी लाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से राज्य शासन के निर्देश और वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश की परिपालन में कार्य कर रही है। अप्रैल 2025 से लेकर आज की स्थिति में 1610 कुत्तों का वैक्सीनेशन और बधियाकरण कार्य किया गया है। वर्तमान में नगरपालिक निगम भिलाई द्वारा प्रत्येक वार्ड में कुत्तों की देखभाल के लिए पीपुल्स फॉर एनिमल वेलफेयर के समिति के



सदस्यों की टीम इस दिशा में कार्य कर रही है और प्रत्येक वार्ड में कुत्तों के फीडिंग के लिए एक स्थान चयनित कर लिया गया है। राज्य शासन द्वारा जारी



निर्देश के अनुसार अन्य इंस्टिट्यूट जैसे स्कूल, कॉलेज अस्पताल, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, खेल परिसर एवं स्टेडियम ऐसे समस्त संस्थाओं को आयुक्त महोदय द्वारा पत्र के माध्यम से शासन के निर्देश का पालन करने और नोडल अधिकारियों की नियुक्ति के लिए पत्र प्रेषित किया गया है। साथ ही साथ स्कूल,कॉलेज अस्पताल, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, खेल परिसर एवं खेल स्टेडियम जैसे संस्थाओं के अंदर आवारा कुत्तों का प्रवेश न हो सके इसके लिए उनको चारों तरफ दीवार से सुरक्षित कर रखना होगा और इसकी सतत निगरानी रखनी होगी।

नगरपालिक निगम भिलाई में पूर्व से डॉग शेल्टर हाउस के माध्यम से बधियाकरण का कार्य संचालित है जिसकी क्षमता लगभग 15 से 20 कुत्तों की है। नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा अनुबंध किए गए एजेंसी पीपुल्स फॉर एनिमल वेलफेयर के माध्यम से जो जीवजंतु कल्याण बोर्ड से पंजीकृत है। कुत्तों का बधियाकरण और टीकाकरण का कार्य पश्चात उसी स्थान पर छोड़े जाने के निर्देश का परिपालन सुनिश्चित किया जा रहा है ।

# कॉपर वायर चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

पुरानी भिलाई पुलिस ने कॉपर वायर चुराने वाले गिरहों का पर्दाफाश करते हुए एक नाबालिग सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों कब्ज से 52 किलो कॉपर वायर जब्त की गई है। सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेगा गया है। जानकारी के अनुसार बीते 15 नवंबर को अकलोरडीह स्थित हर्ष इंडस्ट्रीज के गोदाम से कॉपर वायर चोरी हुई थी। शिकायत के बाद पुलिस ने 21 नवंबर को मामला दर्ज कर जांच शुरू की। विडीयो फुटेज चेक करने पर कुछ आज्ञात आरोपियों द्वारा कम्पनी के अंदर प्रवेश कर बिजली की कॉपर वायर को 9 नवंबर से 14 नवंबर तक चोरी करना पाया गया। थाना पुरानी भिलाई द्वारा टीम गठित कर आरोपियों की लगातार पता तलास

- **एक नाबालिग सहित 5 गिरफ्तार 52 किलो कॉपर वायर जब्त**

की जर रही थी। मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने जोन 1 सेक्टर 11 भिलाई निवासी डी. वेंकटेश (24 वर्ष), सुभाष नगर नंदनी रोड छावनी निवासी डी. विवेक (23 साल), देना बैंक के पीछे छावनी निवासी के. शांता राव (25 साल), गौतम नगर खुर्सीपार निवासी रवि विश्वकर्मा (21 साल) और एक नाबालिग लड़के को घेराबंदी कर पकड़ा।

**कार्यक्रम :** सरकार का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों को सशक्त बनाते हुए मूलभूत सुविधाओं से समृद्ध करना: विजय शर्मा

# डिप्टी सीएम ने चरडोंगरी व बांझी के ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

उपमुख्यमंत्री तथा कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने सोमवार को अपने विधानसभा क्षेत्र कवर्धा के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों मे नागरिकों से जनसंपर्क किया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ग्राम चरडोंगरी और बांझी पहुंचे, जहां उन्होंने ग्रामीणों के साथ बैठकर आमजन की समस्याएं, मांगें एवं शिकायतें गंभीरतापूर्वक सुनीं। जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने गांव से जुड़ी बुनियादी सुविधाओं, सड़क, पानी, बिजली, आवास, नाली, शौचालय, सामाजिक भवन, पुलिया एवं अन्य विकास कार्यों से संबंधित मांगें रखीं। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने अनेक मांगों को तत्काल पूरा करते हुए घोषणाएं की। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान ग्राम चरडोंगरी और बांझी के सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने चरडोंगरी से सारंपुर, दूदुल्लापुर तक सड़क निर्माण, चेक डैम के लिए 10 लाख रुपए, सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख रुपए, नाली निर्माण हेतु 3 लाख रुपए, मंच निर्माण के लिए 3 लाख रुपए, ग्राम झिराना में सीसी रोड निर्माण के लिए 5.20 लाख रुपए, मेला परिसर में दो शौचालय निर्माण, बोर खनन, मेला स्थल में मंच निर्माण हेतु 5 लाख रुपए तथा सोलर लाइट लगाने की घोषणा की। उन्होंने ग्राम बांझी में 12 लाख रुपए का सामुदायिक भवन, जागेश्वर के घर से महामाया मंदिर सड़क निर्माण के लिए 3 लाख, महामाया मंदिर के समीप और गौरा चौक में बोर खनन, स्कूल में शौचालय निर्माण और मंच निर्माण के लिए 2 लाख रुपए की घोषणा की। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन सभी कार्यों की शीघ्र प्रशासकीय स्वीकृति एवं तकनीकी प्रक्रिया पूरी कराते हुए कार्य प्रारंभ कराए जाएं तथा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। बांझी में जनसंपर्क कार्यक्रम के पश्चात उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ग्राम जेवडन, सोनबरसा, सिंघनपूरी और मानपुर के दौरे पर रहेंगे। इन गांवों में भी वे जनसंपर्क कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनेंगे तथा स्थानीय विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे।



### अंचल का निरंतर हो रहा विकास

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं और गांव-गांव तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों को सशक्त बनाते हुए मूलभूत सुविधाओं से समृद्ध करना है, जिससे हर गांव विकास की मुख्यधारा से जुड़ सके। उन्होंने कहा कि कवर्धा जिला चिकित्सा सेवाओं में लगातार सुधार कर रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि जिला अस्पताल में 4.5 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक सीटी स्कैन मशीन स्थापित की गई है, जहां अब नागरिक आसानी से उन्नत जांच सुविधा का लाभ ले सकते हैं। साथ ही, उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल की क्षमता 100 बेड से बढ़ाकर 220 बेड कर दी गई है, जिससे मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ मिल रही हैं। पिपरिया में 27 लाख रुपए की लागत वाले एम्बुलेंस का शुभारंभ भी किया गया है।

### जल्द शुरू होगा मेडिकल कॉलेज का निर्माण

डिप्टी सीएम श्री शर्मा ने कहा कि कवर्धा मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति मिल चुकी है और टेंडर भी पूर्ण हो चुका है। बहुत जल्द इसका निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। 50 सीटों की पढ़ाई शुरू करने की तैयारी अंतिम चरण में है। हमारा लक्ष्य है कि इस वर्ष ही शिक्षण कार्य शुरू कर दिया जाए। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि घोठिया रोड का निर्माण बस स्टैंड और मेडिकल कॉलेज के आवागमन को सुगम बनाने के उद्देश्य से तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के बाद पहली ही कैबिनेट बैठक में आवास प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। यह एक ऐतिहासिक निर्णय था। उन्होंने आगे बताया कि जिन पात्र परिवारों के नाम आवास सूची में नहीं आए हैं, उनके लिए नया सर्वे कार्य कराया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि ग्राम सभा से प्रस्ताव पारित कर हर पात्र व्यक्ति को आवास दिया जाएगा और कोई भी योग्य परिवार वंचित नहीं रहेगा।

# आवारा कुत्तों का टीकाकरण आश्रय स्थल किया गया निर्धारित





- आवारा कुत्तों के आतंक से लोगों को राहत देने प्रशासन ने की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाण्डातराई

नगर पंचायत पाण्डातराई में बढ़ते आवारा कुत्तों के आतंक से आमजन परेशान थे। हरिभूमि द्वारा इस गंभीर मुद्दे को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद प्रशासन हरकत में आया है और समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, समाचार प्रकाशित होने के तुरंत बाद नगर पंचायत पाण्डातराई के मुख्य नगर पालिका अधिकारी, पशु चिकित्सा विभाग के वेटनरी डॉक्टर तथा नगर पंचायत की टीम ने संयुक्त रूप से 30 नवम्बर को अभियान चलाकर आवारा कुत्तों का टीकाकरण किया।

जिला पशु चिकित्सालय कबीरधाम से मिले आंकड़ों के मुताबिक, नगर पंचायत क्षेत्र में कुल 99 आवारा कुत्ते चिन्हांकित किए गए हैं। इस अभियान के प्रथम चरण में 10 कुत्तों को टीका लगाकर उन्हें रोग प्रतिरोधी सुरक्षा प्रदान की गई। इसके साथ ही नगर पंचायत क्षेत्र के 15 वार्डों में कुत्तों के भोजन और देखभाल के लिए अलग-अलग आश्रय स्थलों का चिन्हांकन भी किया गया है, जिससे ये कुत्ते बाजार, वार्डों और मुख्य सड़कों पर घूमकर लोगों को परेशान न करें। प्रशासन का मानना है कि यदि उन्हें नियमित भोजन और सुरक्षित स्थान मिलेगा, तो आक्रामक व्यवहार और आवागमन में कमी आएगी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस पहल का स्वागत तो किया है, लेकिन साथ ही यह भी कहा है कि यह कार्यवाही केवल प्रारंभिक कदम है।

यदि यह अभियान नियमित रूप से नहीं चला और टीकाकरण तथा आवारा कुत्तों की मॉनिटरिंग लगातार नहीं की गई, तो समस्या ज्यों की त्यों बनी रह सकती है। लोगों का कहना है कि नगर पंचायत को इस दिशा में दीर्घकालिक योजना बनाकर पूरी तत्परता से अमल करना होगा, तभी आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और उनके आतंक पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकेगा।

जानकारों का भी मत है कि केवल टीकाकरण या आश्रय स्थल चिन्हांकन से काम नहीं चलेगा, बल्कि नसबंदी अभियान, नियमित भोजन व्यवस्था, कुत्तों की स्वास्थ्य जांच तथा वार्ड-स्तरीय निगरानी को भी प्रक्रिया का हिस्सा बनाना चाहिए। इससे न केवल कुत्तों की अनियंत्रित संख्या पर रोक लगेगी, बल्कि मानव और पशु, दोनों के लिए सुरक्षित वातावरण तैयार होगा।

फिलहाल प्रशासन द्वारा की गई यह शुरुआती पहल सराहनीय है, लेकिन नागरिकों की अपेक्षा है कि यह कार्रवाई महज खानापूर्ति साबित न हो। यदि यह अभियान लगातार जारी रहा और सभी 99 कुत्तों का टीकाकरण तथा देखभाल व्यवस्थित रूप से की गई, तो पाण्डातराई को आवारा कुत्तों के आतंक से काफी हद तक मुक्ति मिल सकती है।

## खबर संक्षेप

### सांसद संतोष पाण्डेय दिल्ली रवाना



**कवर्धा।** राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय लोकसभा के शीतकालीन सत्र में शामिल होने के लिए दिल्ली रवाना हो गए हैं। यह सत्र दिनांक 1 से 19 दिसंबर 2025 तक आयोजित होगा। इस दौरान सांसद पांडेय लोकसभा सत्र में उपस्थित रहकर क्षेत्र के जनहित के मुद्दे उठायेंगे। इस बीच अवकाश के दिन सांसद पांडेय लोकसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। सांसद पांडेय इससे पहले भी क्षेत्र के कई बड़े व महत्वपूर्ण मुद्दों को लोकसभा में प्रमुखता व मुखरता के साथ उठा चुके हैं।

### प्राचार्य रामकिशोर ने किया पदभार ग्रहण



**पाण्डातराई।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पांडातराई के प्राचार्य पद पर पदोन्नति उपरांत वर्तमान प्रभारी प्राचार्य रामकिशोर साहू को प्राचार्य पद पर पदोन्नति होने पर छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिका और स्टाफ ने तिलक लगाकर पुष्प गुच्छ भेंट कर प्राचार्य को उनके नई दायित्व के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। शिक्षक एनके चंद्रवंशी, देवराज जांगड़े, एसके शर्मा, एमपी पटेल, जेपी साहू, सोनिका तिवारी सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थी।

# भाजपा सरकार अपने आर्थिक कुप्रबंधन का पूरा भार जनता पर डाल रही: चोवाराम साहू

**सरकार का फैसला गरीब, किसान और आदिवासी समाज पर हमला**

- भूमि संबंधी नई गाइडलाइन रजिस्ट्री और टैक्स बढ़ोतरी से जनता होगी बुरी तरह प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



राज्य सरकार द्वारा भूमि संबंधी गाइडलाइन दरों में कई गुना तक वृद्धि, 5 डिसमिल से कम भूमि की रजिस्ट्री पर रोक, रजिस्ट्री शुल्क में बढ़ोतरी और टैक्स वृद्धि के निर्णयों ने प्रदेश सहित जिले के किसानों, गरीबों, मजदूरों, युवाओं और रियल स्टेट सेक्टर पर बड़ा आर्थिक बोझ डाल दिया है। यह प्रदेश की भाजपा सरकार का एक जनविरोधी निर्णय है। उक्त बातें कवर्धा कृषि उपज मण्डी के पूर्व उपाध्यक्ष चोवाराम साहू ने जारी बयान में कहीं। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने आर्थिक कुप्रबंधन का पूरा भार जनता पर डाल दिया है। भाजपा की सरकार ने जमीन संबंधी गाइडलाईन में संशोधन कर उसे इस कदर बढ़ा दिया है कि अब लोगों के लिए जमीन, मकान और दुकान खरीदना असंभव हो गया है। छोटे प्लॉट की रजिस्ट्री रोककर गरीबों का घर छीनने का काम हो रहा है। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार पूरी तरह जनविरोधी नीतियों पर चल रही है। इससे पूर्व सरकार ने मुफ्त बिजली योजना बंद की थी और जब इसका उपभोक्ताओं सहित कांग्रेस ने पुरजोर विरोध किया तो सरकार ने 200 यूनिट तक हॉफ बिजली बिल किए जाने का निर्णय लिया। लेकिन इसकी भरभाई करने के लिए तत्काल नई भूमि संबंधी गाइड लाईन जारी कर दी। श्री साहू ने कहा कि सरकार का यह फैसला सीधे–सीधे किसान और आदिवासी समाज पर हमला है। ग्रामीण क्षेत्रों में जमीन की गाइडलाइन अनाप–शनाप बढ़ाकर किसान को उसकी अपनी जमीन से दूर किया जा रहा है। कृषि भूमि की बढ़ी हुई सरकारी दर किसानों के लिए भारी संकट बन जाएगी। वहीं रजिस्ट्री शुल्क बढ़ने से निर्माण कार्य रुकेंगे और बेरोजगारी तेजी से बढ़ेगी। लाखों मजदूर और युवा प्रभावित होंगे। सरकार रोजगार देने की बजाय रोजगार छीनने का काम कर रही है। यह निर्णय युवाओं के भविष्य के खिलाफ है। उन्होने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद एक साल में जमीनों की सरकारी दरें 40 प्रतिशत से 500 प्रतिशत तक बढ़ा दी गईं। यह निर्णय प्रदेश को आर्थिक मंदी की ओर धकेल देगा। आम जनता के लिए घर–दुकान बनाना मुश्किल हो जाएगा और छोटे व्यवसाय पूरी तरह ठप हो जाएंगे। श्री साहू ने जनहित में सरकार से भूमि संबंधी गलत, अव्यवहारिक और आम नागरिक पर सीधा बोझ डालने वाली नई गाइड लाईन को तत्काल वापस लिए जाने की मांग की है।

# सेजेस कवर्धा में युवा संसद प्रतियोगिता के विजेताओं को किया गया पुरस्कार वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



संभाग स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन गत दिनो दुर्ग संभाग में आयोजित की गई। जिसमें राजनांदगांव, दुर्ग, कबीरधाम, बालोद, मानपुर मोहला चौकी एवं खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले के प्रतिभागी सम्मिलित हुए। इस प्रतियोगिता में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम कवर्धा के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लोकेश कांवडिया अध्यक्ष दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम अध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त द्वारा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को जीत पर बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का केन्द्र बिंदु होता है माता विद्यार्थियों को सदैव सीखने के लिए जागरूक रहना चाहिए। विकास प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजा पियूष टाटिया ने विद्यार्थियों को अच्छे नंबर से उत्तीर्ण होकर उत्कृष्ट नागरिक के रूप में अपनी पहचान बनाने का आह्वान किया। विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार गुप्ता ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में श्रीमती सतविंदर पाहुजा अध्यक्ष भाजपा एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्य लक्ष्मण श्रीवास भूपेंद्र ठाकुर हर्ष खुराना संतोषी जायसवाल संजय मिश्रा संतोष सिन्हा लक्ष्मण यादव सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।

## विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**स लोहारा।** शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा में 1 दिसम्बर को विश्व एड्स दिवस एवं महिलाओं के यौन उत्पीड़न रोकथाम/जागरूकता संबंधी कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. केएस परिहार की अध्यक्षता में संपन्न किया गया। इस कार्यक्रम में रंगोली, भाषण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया तथा प्रतिभागी छात्र एवं छात्राओं को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. रुद्रा नारायण गजेंद्र मेडिकल ऑफिसर, एसी मानिकपुरी, आरिफ मोहम्मद नर्सिंग ऑफिसर, सुरेश राजपूत, नरेश कुमार साहू, महेश कुमार निर्मलकर परियोजना समन्वयक चाइल्ड हेल्पलाइन, प्रिंसी गुप्ता आउटरीच वर्कर मिशन वात्सल्य, भारतीय धुर्वे केस वर्कर चाइल्ड हेल्पलाइन, मंदाकिनी वर्मा केस वर्कर चाइल्ड हेल्पलाइन उपस्थित थे। कार्यक्रम में महिलाओं की यौन उत्पीड़न रोकथाम निषेध और निवारण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा लैंगिक संवेदनशीलता के लिए समस्त छात्र एवं छात्राओं को प्रतिज्ञा दिलाई गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा महिलाओं की यौन उत्पीडन रोकथाम निषेध और निवारण एवं जागरूकता संबंधी लघु फिल्म के माध्यम से समस्त छात्र एवं छात्राओं के समक्ष प्रसारित किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार से संदीप कुमार सोनकर सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी, सुश्री काजल साहू, सुश्री अंजू महोबिया, डॉ ज्योति चंद्रवंशी, श्रीमती आभा जोशी, डॉ खिलेश्वरी चंद्रवंशी, विवेक चौहान, गौरव जायसवाल, गिरधारी वर्मा, आशीष वर्मा, डॉ रूपेश कुमार वर्मा, लक्ष्मीकांत वर्मा एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## बेघरबारों पर भारी पड़ रही कड़ाके की ठंड

**कवर्धा।** इन दिनो पड़ रही हड्डी कंपकपा देने वाली कड़ाके की ठंड ने सभी को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया है। फिर भी साधन संपन्न लोग इस गुलाबी ठंड का अपने-अपने ढंग से भरपूर लुत्फ उठा रहे हैं। लेकिन ऐसे लोग जो बेघरबार और साधनविहीन हैं उनके लिए तो मानो सर्दी की ये रातें बरस भर की लग रही है। इन दिनों पड़ रही ठंड का आलम ये है कि रात चढ़ने के साथ ही नगर की गलियां सूनी हो जाती है। साधन सम्पन्न लोग अपने-अपने घरों की गर्म रजाई, कंबल में दुबक जाते है और जो साधन सम्पन्न बाहर रहते है वे भी पैर से लेकर सिर तक लबादा ओढे रहते है। पर इस सब के बीच कुछ ऐसे नंगे बदन लोग भी है जो इस कड़कड़ाती ठंड में नगर की गलियों म घूमते हुए किसी ओट की तलाश करते नजर आते है। बावजूद इसके ये गरीब गुरबा असहाय लोग अपने पेट की भूख मिटाने दिन भर किसी दानदाता की राह तकते-तकते रात में खुले आसमान के नीचे कड़कड़ाती ठंड में ठिठुरते रहने मजबूर है। ऐसे असहाय और बेघरबार लोगों के लिए अब तक दान पुण्य का ढिंढोरा पीटने वाली नगर की स्वयं सेवी संस्थाओं, समाज सेवियों, जनप्रतिनिधियों तथा प्रशासन की ओर से कोई इंतजाम नहीं किए गए है। उल्लेखनीय है कि नगर में ऐसे कई मानसिक रोगी, भिखारी, असहाय गरीब-गुरूवा है जो स्थानीय बस स्टैण्ड तथा नगर की गलियों में लोगों का मुंह ताकते मदद की बाट जो रहे है। लेकिन कवर्धा शहर में ऐसी कोई संस्था या ठिकाना नजर नहीं आ रहा है जो ऐसे लोगों की मदद कर सके।

## कांग्रेस ने धरना प्रदर्शन कर फूंका ईडी का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला कांग्रेस कमेटी कवर्धा ने सोमवार को केन्द्र की मोदी सरकार पर राजनीतिक द्वेषवश सत्ता के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि केन्द्र सरकार प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), सीबीआई, आयकर विभाग तथा अन्य संवैधानिक संस्थाओं का गलत इस्तेमाल कर देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को झुकाने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा की गई एफआईआर पूरी तरह राजनीतिक प्रतिशोध का परिणाम है, जिसके माध्यम से अखिल भारतीय कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी एवं नेता विपक्ष राहुल गांधी को निशाना बनाया जा रहा है।

## पेज 9 के शेष

### 9 दिनों में 3 फीसदी ...

आधार पर गणना पत्रक भरने के काम में प्रशासनिक अमले ने पूरी ताकत झोंक रखी है। बूथ लेवल के अफसर जमीनी स्तर पर पिछले 27 दिनों से जुटे हुए हैं। जिल प्रशासन से मिली जानकारी अनुसार ने करीब सात लाख 79 हजार वोटरों की ऑनलाइन एंट्री का काम पूरा हो गया है। कुल मतदाताओं में 21 हजार मतदाताओं के गणना पत्रक के लिए प्रशासनिक अमले को अच्छी खासी मशक्कत करनी पड़ रही है। निर्वाचन आयोग ने चार दिसंबर को एसआईआर की अंतिम तिथि निर्धारित की थी, लेकिन अब इसे 11 दिसंबर तक आगे बढ़ा दिया गया है। सूत्रों ने बताया कि जमीनी स्तर पर इस प्रक्रिया को देख रहे बीएलओ को वोटरों को खोजने में काफी दिक्कतें आ रही है। कई वोटरों का नाम एक की बजाए कई जगह होने के कारण भी ऐसी संभावना जताई जा रही है कि वोटरों के आंकड़े की संख्या में कमी आएगी। **अब 14 फरवरी को जारी होगी अंतिम सूची:** निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर की अंतिम तिथि को आगे बढ़ाते आगामी 11 दिसंबर तक कर दिया गया है। नए कार्यक्रम के मुताबिक 16 दिसंबर को ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 16 दिसंबर से 15 जनवरी तक दावा-आपत्ति की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। सुनवाई और सत्यापन की प्रक्रिया सात फरवरी तक पूरी की जाएगी। इसके बाद आगामी 14 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा।

### नवागढ़ विधानसभा ...

किया गया। विधानसभा का डिजिटाइजेशन प्रतिशत 96.29% दर्ज हुआ, जो संतोषजनक माना जा रहा है।

### स्कूलों में ...

बच्चे भी 8:30 बजे तक पहुँच रहे थे। इस सम्बंध में बेरला एबीईओ नारायण ठाकुर ने इस लापरवाही पर सख्त होते हुए सभी संबंधित शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने की बात कही।

### ग्रामीण स्वास्थ्य ...

अध्यक्ष साजा कविता वानखेड़े, ब्लॉक अध्यक्ष खंडसरा धनंजय चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष बेरला अश्वन जाँगड़े, ब्लॉक अध्यक्ष नवागढ़ राकेश भारती, ब्लॉक सचिव साजा - नेतराम कन्नौजे, ब्लॉक कोषाध्यक्ष खंडसरा मनोज राजपूत शामिल रहे ।

**शिखर युवा मंच द्वारा संचालित एसबीआई संजीवनी एमएमयू टीम ने बच्चों को दी महत्वपूर्ण जानकारी**

# तरेगांव जंगल विद्यालय में विश्व एड्स दिवस जागरुकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा




विश्व एड्स दिवस के अवसर पर सोमवार को एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से शिखर युवा मंच द्वारा संचालित एसबीआई संजीवनी एमएमयू टीम कबीरधाम ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तरेगांव जंगल में एक महत्वपूर्ण जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में कुल 163 छात्रों एवं 7 शिक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और एड्स से जुड़ी आवश्यक जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम की शुरुआत में एसबीआई संजीवनी टीम ने विश्व एड्स दिवस के महत्व एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह दिवस लोगों में जागरूकता फैलाने, सामाजिक मिथकों को दूर करने और एचआईवी संक्रमण की रोकथाम के लिए जागरूक व्यवहार अपनाने की प्रेरणा देता है। उसके बाद टीम द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से जागरूकता वीडियो प्रस्तुत किया गया, जिसमें एचआईवी वायरस के संक्रमण के रास्ते, इसके लक्षण, उपचार, बचाव के उपाय तथा समय पर जांच कराना क्यों आवश्यक है, इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। छात्रों को यह भी समझाया गया कि एड्स सामान्य संपर्कों, जैसे हाथ मिलाने, साथ बैठने या भोजन साझा करने से नहीं फैलता। इससे संबंधित अनेक भ्रमों और गलत धारणाओं को पोस्टर एवं पॉम्प्लेट दिखाकर सरल तरीके से दूर किया गया। टीम ने बताया कि एचआईवी केवल असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित रक्त, सुई या उपकरणों के साझा उपयोग तथा गर्भावस्था और प्रसव के दौरान संक्रमित मां से बच्चे तक पहुंच सकता है। इन तथ्यों को छात्रों ने ध्यानपूर्वक सुना और समझा। शिविर में उपस्थित छात्रों को जागरूकता संदेश देने के साथ-साथ उन्हें अपने स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने, स्वस्थ आदतें विकसित करने और जोखिमपूर्ण व्यवहार से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। पोस्टर और पॉम्प्लेट में सुरक्षित जीवनशैली, नियमित स्वास्थ्य जांच, परामर्श सेवाओं का महत्व तथा उपलब्ध सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी भी शामिल थी। कार्यक्रम के अंत में छात्रों और शिक्षकों से संवाद सत्र आयोजित किया गया, जिसमें उन्होंने अपने प्रश्न रखें। टीम ने सभी सवालों का सरल व वैज्ञानिक भाषा में समाधान प्रस्तुत किया, जिससे छात्रों के मन में फैली कई भ्रांतियां दूर हुईं। शिक्षकों ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी जागरूकता गतिविधियां किशोर आयु वर्ग के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। विद्यालय प्रबंधन ने एसबीआई फाउंडेशन, शिखर युवा मंच और एसबीआई संजीवनी एमएएमयू टीम कबीरधाम का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में स्वास्थ्य जागरूकता का स्तर बढ़ाते हैं और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## बैंक शाखा प्रभारियों की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में लगातार बढ़ते सायबर अपराधों को नियंत्रित करने तथा बैंकिंग प्रणाली को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल और पंकज पटेल के निर्देशन में बैंक शाखा प्रभारियों की बैठक सोमवार को आयोजित की गई। बैठक का संचालन उप पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार चंद्राकर द्वारा किया गया। बैठक में बंधन बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सीस बैंक, कोटक महिन्द्रा बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, डीसीबी बैंक एवं बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक और प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में वर्तमान सायबर अपराध की प्रवृत्ति, म्यूल खातों की पहचान, संदिग्ध लेनदेन की निगरानी, बैंक सुरक्षा मानकों तथा जनजागरण के उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस अध्यक्ष का स्वागत

**डोंगरगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के नवनियुक्त अध्यक्ष विपिन यादव को विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने सौजन्य भेंट कर बधाई दी। इस दौरान जितेन्द्र सिंह बब्बू, अमीन उईके, शिशुपाल भारती, रामजी तराने सहित अन्य उपस्थित थे।

### सलोनी में नीर और नारी जल यात्रा का आयोजन

**राजनांदगांव।** मिशन जल रक्षा अंतर्गत जनपद पंचायत डोंगरगढ़ ग्राम सलोनी में जल स्वच्छता एवं फसल संगोष्ठी तथा नीर और नारी जल यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत डोंगरगढ़ में भू-जल स्तर में निरंतर आ रही कमी, ग्राम पंचायतों में पेयजल की समस्या के पूर्वानुमान एवं जिले के सेमी क्रीटिकल जोन में पानी की गंभीरता स्तर के संबंध में चर्चा की गई। फसल चक्र परिवर्तन कर जनभागीदारी के साथ जल संरक्षण, भू-जल रिचार्ज, कृषि एवं आजीविका संवर्धन संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा दिए जाने संबंधी विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में पद्मश्री फूलबासन यादव, नोडल अधिकारी अनिल सोनवानी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, सरपंच, रोजगार सहायक, स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीण, किसान, महिला स्वसहायता समूह की सदस्य शामिल हुए।

### विखं स्तरीय क्विज का आयोजन

**राजनांदगांव।** विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच और नवाचार की प्रवृत्ति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत जोन स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन माध्यमिक शाला सुरगी में संपन्न हुआ। जोन स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में भरेगांव, सुरगी, धामनसरा, हरदी, सिंघोला व कन्हारपुरी से चयनित विद्यार्थी शामिल हुए। तत्पश्चात जोन स्तरीय में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले चयनित विद्यार्थी विकासखंड स्तरीय क्विज हेतु बीआरसी भवन राजनांदगांव में शामिल हुए। विखं स्तरीय विवज प्रतियोगिता का आयोजन बीआरसी भवन राजनांदगांव में संपन्न हुआ। जिसमें प्रथम कोमल बंजारे (मा.शा.सुरगी), द्वितीय राम्या निषाद (मा.शा.भरेगांव) एवं तृतीय संजना साहू (मा.शा.ब. नवागांव) ने प्राप्त किए। पुरस्कार वित्तरण समारोह में विजयी प्रतिभागियों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजूराम साहू द्वारा मोमेन्टो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। संचालन बीआरसी भगतसिंह ठाकुर द्वारा किया गया।

### गौ सुरक्षा पर हस्ताक्षर अभियान

**खैरागढ़।** शिव सेना द्वारा पूरे प्रदेश में चलाए जा रहे महाहस्ताक्षर अभियान को जनसमर्थन मिल रहा है। इसी क्रम में शहर के इतवारी बाजार पर शिव सेना हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। दुर्ग संभाग प्रभारी राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि दुर्ग संभाग में एक लाख से अधिक लोगों के हस्ताक्षर कराए जाने का लक्ष्य रखा गया है। हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन को संकलित कर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा जाएगा ताकि गौ-सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर ठोस कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। शिव सेना के महाहस्ताक्षर अभियान की प्रमुख मांग प्रदेश में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, गौ तस्करी में प्रयुक्त गाडियों को राजसात करने और गौ हत्या करने वालों पर हत्या का मामला दर्ज करने के अलावा गौ माता को राजकीय पशु घोषित कर राजमाता का दर्जा देना प्रमुख रूप से शामिल है।

## निधन

### गणेश वर्मा

**नांदघाट।** ग्राम खैरा निवासी गणेशलाल वर्मा (55) का निधन हो गया। गणेश वर्मा रघुनाथ वर्मा के पुत्र एवं मोपेन्द्र देवेन्द्र के पिता एवं सक्रिय महिला कार्यकर्ता धनेश्वरी वर्मा के स्वसुर थे। गणेशलाल वर्मा के निधन पर विवेक शुक्ला, मनीष शुक्ला, फगुवा वर्मा, ओंकार यादव, संतोष वर्मा, रामदयाल वर्मा, गगन यदुनंदन, लल्ला, जितेंद्र बारले, पकवा बारले काका आदि ने शोक व्यक्त किया है।



---

### कार्यक्रम : प्रचार प्रसार जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

# जिला अस्पताल में हुआ विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- टोल फ्री नंबर 1097 के साथ एचआईवी/एड्स एक्ट पर दी गई जानकारी

विश्व एड्स दिवस 1 दिसम्बर के अवसर पर जिला चिकित्सालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य एवं सह क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ बी एल राज ने विश्व एड्स दिवस मनाने पर जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष विश्व एड्स दिवस नए थीम के साथ मनाया जाता है । इस वर्ष का थीम व्यवधान पर काबू पाना और एड्स प्रतिक्रिया को बदलना है एड्स प्रतिक्रिया को बदलने और व्यवधान पर काबू पाने के लिए, हमें कई महत्वपूर्ण कदम उठाने होंगे।

सबसे पहले, हमें एड्स के बारे में जागरूकता बढ़ाने और लोगों को इसके बारे में शिक्षित करने की आवश्यकता है। हमें एड्स के लक्षणों, इसके प्रसार के तरीकों, और इसके उपचार के विकल्पों के बारे में जानकारी प्रदान करनी होगी। दूसरा, हमें एड्स के परीक्षण और उपचार तक पहुंच बढ़ाने के लिए काम करना होगा। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि सभी लोगों को एड्स के परीक्षण और उपचार तक पहुंच हो, विशेष रूप से उन लोगों को जो सबसे अधिक जोखिम में हैं। तीसरा, हमें एड्स के साथ जीने वाले लोगों के प्रति भेदभाव और कलंक को कम करने के लिए काम करना होगा। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि एड्स के साथ जीने वाले लोगों को सम्मान और समर्थन मिले, और उन्हें अपने अधिकारों का आनंद लेने का अवसर मिले। चौथा, हमें एड्स की रोकथाम के लिए नए और प्रभावी तरीकों को विकसित करने के लिए अनुसंधान और विकास में निवेश करना होगा। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारे पास एड्स के खिलाफ लड़ने के लिए सबसे अच्छे उपकरण और रणनीतियां हैं। अंत में, हमें एड्स प्रतिक्रिया को बदलने और व्यवधान पर काबू पाने के लिए एक समन्वित और सहयोगी प्रयास करना होगा। हमें सरकारों, संगठनों, समुदायों, और व्यक्तियों के साथ मिलकर काम करना होगा ताकि हम एड्स के खिलाफ लड़ाई में सफल हो सकें।




#### अनिवार्य रूप से कराएं जांच : सिविल सर्जन

सिविल सर्जन डॉ लोकेश साहू ने एच आई वी, एड्स, सिफलिश होने कारण व बचाव हेतु जानकारी देते हुए एच आई वी पीड़ित लोगों की गोपनीयता बरकरार रखते हुए ए आर टी की विस्तृत जानकारी प्रदान कर उनसे किसी प्रकार से दुआ भेद न करते स्वास्थ्य सुविधा लाभ हेतु सभी को शपथ दिलाई गई, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग विशेषज्ञ डॉ दीक्षा कश्यप ने गर्भवती महिलाओं को विशेष रूप से प्रथम तिमाही में एच आई वी एड्स सिफलिश जांच अनिवार्य रूप से कराने की बात कही साथ में एड्स नियंत्रण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी ,नोडल अधिकारी डॉ चंद्रप्रकाश ने जिला में संचालित एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि उच्च जोखिम वाले लोगों बीच एन जी ओ जीवन रेखा फाउंडेशन कार्यरत है उनसे भी संपर्क कर परामर्श जांच का लाभ उठा सकते हैं।

**एचआईवी परामर्श व जांच सुविधा की दी गई जानकारी:** आइ सी टी सी परामर्शदाता पुराणिक नायक ने जिला चिकित्सालय बेमेतरा स्थित एच आई वी परामर्श एवं जांच सुविधा उपलब्ध के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान किया, परामर्शदाता विनेश्वर जायसवाल ने यौन रोग परामर्श जांच ईलाज के बारे में बताया,क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के दिनेश जयशवाल,गिरधर ने एच आई वी एड्स के साथ टी बी संक्रमण से जुड़ी जानकारी को लेकर जानकारी दी,जीवन रेखा फाउंडेशन के आशा चेलक ने विभिन्न हाई रिस्क समूह को लेकर एच आई वी एड्स सिफलिश होने पर जानकारी साझा किया,वहीं बेमेतरा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धन्नू द्वारा एच आई वी एड्स एक्ट 2017 पर विस्तृत जानकारी प्रदान किया। अंत में प्रभारी जिला मीडिया अधिकारी संजय तिवारी ने बताया एच आई वी एड्स सिफलिश पर सबको खुलकर चर्चा करते हुए अधिक से अधिक जानकारी साझा करना चाहिए और सबको खासकर जो हाई रिस्क समूह में आते है उनको अपनी एच आई वी स्टैटस का पता होना चाहिए और अधिक जानकारी हेतु निःशुल्क नंबर 1097 पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं एच आई वी एड्स सिफलिश से जुड़ी समस्त सेवा जांच, परामर्श, दवाई शासन स्तर पर हितग्राहियों को पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है। अंत में जिले में एचआईवी एड्स सिफलिश पर जानकारी देने आईईसी युक्त जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया जो कि आई ई सी के साथ ध्वनियन्त्र माध्यम से बेमेतरा में लोगों को जानकारी देते हुए लोगों को जागरूक करेगा।

---



# मोक्षदा एकादशी पर राम मंदिर नवागढ़ में गूंजे गीता के मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

- भक्तिभाव, भजन और अध्यात्म से सराबोर रहा पूरा मंदिर परिसर, बड़ी संख्या में श्रद्धालु हुए शामिल

मोक्ष प्रदान करने वाली पावन मोक्षदा एकादशी के अवसर पर रविवार की संध्या राम मंदिर नवागढ़ भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जाओं से आलोकित हो उठा। शाम से आरंभ हुए श्रीमद्भगवद्गीता पाठ के इस भव्य आयोजन में नगर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे और गीता के दिव्य मंत्रों का सामूहिक श्रवण कर पुण्य लाभ के भागी बने।

मंदिर परिसर में दीपों की रौशनी, शंख-घंटी की धुन और गीता के श्लोकों का सामूहिक उच्चारण वातावरण को पूर्णतः आध्यात्मिक बना रहा। आयोजन के दौरान भजन-कीर्तन, आरती और दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया। आयोजन में अथर्व शर्मा, शशिकांत तिवारी, संतोष खुराना, टीकाराम दास, नंद कुमार वैष्णव, गंगादास वासुदेव, देवेंद्र वैष्णव, सुरज सिन्हा, मिंटू बिसेन, लक्ष्मी चंद जैन, दिवाकर ठाकुर, सुरेंद्र दास, महंत जी, भुवनेश्वरी वर्मा, संतोषी शर्मा, भूमि शर्मा, अंजली ठाकुर, नीता साहू, वंदना साहू, कामना साहू, बॉबी वर्मा, मिलापरम साहू, गुरुजी, तनु साहू और सीताराम यादव सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे। सभी ने गीता पाठ में सहभागिता कर मोक्षदा एकादशी के इस शुभ दिन को सार्थक बनाया।

#### भक्तिमय रहा आयोजन, प्रसाद वितरण ने बढ़ाई श्रद्धा

कार्यक्रम के दौरान भजन मंडली द्वारा प्रस्तुत भक्तिमय गीतों ने वातावरण को अलौकिक बना दिया। गीता के अध्यायों का वाचन होते ही बड़ी संख्या में लोग शांति से बैठकर दिव्य वचनों का श्रवण करते रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया गया। मोक्षदा एकादशी के अवसर पर आयोजित यह गीता पाठ न केवल धार्मिक अनुष्ठान रहा, बल्कि समाज में भाईचारे, सद्भावना और आध्यात्मिक जागरण का संदेश देते हुए सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

---

# समर्थन मूल्य पर धान-खरीदी में तेजी,16 दिनों में हुई 12 लाख क्विंटल की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी जिले के 129 धान उपार्जन केंद्रों में अब तक बड़े पैमाने पर धान की आवक होना शुरू हो गया और नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, जिले में कुल 11,95,470.80 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है, धान उपार्जन केंद्रों में विभिन्न श्रेणियों के धान की आवक लगातार बढ़ती जा रही है।

वर्तमान स्थिति में मोटा धानः 2,42,937.20 क्विंटल,पतला धानः 94,104.40 क्विंटल सरना धानः 7,12,203.60 क्विंटल की खरीदी 16 दिनों में किसानों ने समर्थन मूल्य पर बेचा है। प्रशासन का कहना है कि खरीदी की वर्तमान गति और किसानों की बढ़ती आवक को देखते हुए आने वाले दिनों में यह आंकड़ा और अधिक बढ़ने की संभावना है। मौसम अनुकूल रहने और सुविधाओं के दुरुस्त रहने से किसान सहज रूप से अपना धान बेच पा रहे हैं। बहरहाल जिले के सभी 129 धान उपार्जन केंद्रो तोलकर्मी, हमाल और परिवहन व्यवस्था की उपलब्धता, पीने के पानी, छाया, बैठक व्यवस्था, बारिश और ठंड से बचाव के समुचित प्रबंध है परंतु टोकन सिस्टम व सर्वर के चलते किसान अपने धान खहलियान में रखने पर मजबूर है जिसके चलते सुखत तथा चूहों ओर मौसम के बिगड़ने का डर लगा हुआ है।



### व्यवसायिक परिसर का हुआ भूमिपूजन

**नांदघाट।** ग्राम पंचायत गोढ़ी कला में 15 लाख के लागत से बनने वाले व्यवसायिक परिसर का भूमिपूजन किया गया। उक्त अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं सभापति कृषि समिति जिला पंचायत बेमेतरा अंजू बघेल मारो, भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश राजपूत, जनपद अध्यक्ष खोरबाहरा राम साहू, जिला सरपंच संघ अध्यक्ष लालन यादव एवं अनेक ग्रामीण जन कार्यकर्त्ता गण उपस्थित रहे।

# पीएम श्री सेजेस देवकर के विद्यार्थियों का विद्यार्थी विज्ञान मंथन में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर

पीएम श्री सेजेस देवक़र में अध्ययनरत छात्रा कुमारी भावना सोनकर कक्षा 11वीं (सायंस) तथा विनायक सिन्हा कक्षा 10वीं का चयन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार एवं एनसीईआरटी द्वारा आयोजित विद्यार्थी विज्ञान मंथन परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु राज्य स्तरीय विज्ञान कैंप में चयन हुआ है।

यह परीक्षा दो स्तरों पर आयोजित होती है जिसमें विज्ञान, विषयक सम्बद्ध प्रश्न तथा भारत की विज्ञान में योगदान पर प्रश्न पूछे गए जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु भारत के समस्त संस्थानो में विद्यालय को गौरव प्राप्त हुआ है। विद्यालय की व्याख्याता अंजू वर्मा ने विद्यार्थियों को उचित मार्गदर्शन किया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य अनिल डाहले एवं समस्त व्याख्याता हर्ष व्यक्त करते हुए बधाइयाँ दी।



# किसानों से अवैध वसूली, फटा बारदाना लेकर पहुंचे कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

धान खरीदी में अव्यवस्था के मामले को लेकर आज जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के कार्यकर्ता किसानों के साथ कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने सोसायटी में किसानों से रुपयों की अवैध वसूली, किसानों को फटा बारदाना देने सहित विभिन्न समस्याओं से अवगत कराने ज्ञापन सौंपा। धान खरीदी में अव्यवस्था और किसानों को हो रही समस्या के मामले को लेकर आज किसानों के साथ फटा हुआ बारदाना और धान लेकर जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के कार्यकर्ता कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने धान खरीदी में अव्यवस्था के मामले को लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और मुख्यमंत्री को फटे हुए बारदाने का कुर्ता भेंट करने पहुंचे।

**किसानों को नया बारदाना देने की मांग :**

जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के जिला अध्यक्ष मनीष देवांगन ने कहा कि सोसाइटी में किसानों से अवैध वसूली हो रही है। लगभग 1 किलो अधिक वजन तौला जा रहा है। ऑफलाइन टोकन के लिए भी किसानों को काफी समस्या हो रही है।

### टेमरी में राम लीला का आयोजन...

**नांदघाट।** ग्राम टेमरी मे रामलीला कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। मोबाईल रिल्स के युग दुनिया मे टेमरी के युवा साथियों के इस तरह का ग्राम वासियों द्वारा प्रशंसनीय आयोजन में जनपद सदस्य जितेन्द्र मांत्रे ग्राम घुरसेना के सरपंच प्रतिनिधि नवनियुक्त तहसील साहू संघ नांदघाट अध्यक्ष गौतम साहू, साहू संघ जिलाध्यक्ष गैंदरामसाहू, परक्षेत्रिय अध्यक्ष अखिलेश साहू, वरिष्ठ जन ढेलसिंह साहू, महारा साहू, साहू, मयंक उत्तम देवांगन, अचलु पाल, अखिलेश यादव, राजा एवं गणमान्य नागरिकजनों के साथ उपस्थित होकर आयोजन मंडली का उत्साहवर्धन किये ।



# कबड्डी स्पर्धा का विक्रांत सिंह ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खैरागढ़

ब्लाक के ग्रापं मंडला में एकदिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के मुख्य आतिथ्य मे हुआ। बैच लगाकर सम्मान बाद उन्होने फीता काटकर किया गया प्रतियोगिता का शुभारंभ किया और अपने संबोधन मे कहा कि हार जीत खेल का हिस्सा है, इसलिए हारकर निराश होने के बजाय बेहतर प्रदर्शन की आस लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। उन्होंने खेल भावना के साथ खेलेन की अपील करते हुए युवाओं को खेलों में अधिक से अधिक भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। प्रदेश सरकार द्वारा जनहित को लेकर जारी जनकल्याणकारी योजनाओ की जानकारी साझा करते हुए जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि सीएम विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडे यके नेतृत्व में जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के माध्यम से गरीब परिवारों को पक्के आवास उपलब्ध कराया जा रहा हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्र में आवासीय सुविधा में सुधार आया है।

### सरदा में 5 लाख रुपये लागत के भवन का उद्घाटन, समाज के विकास के लिए महत्वपूर्ण

# आशीष छाबड़ा ने किया सरदा में मुस्लिम सामुदायिक भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- पूर्व विधायक ने कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों और जनता के सहयोग का किया स्मरण

पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने अपने विधायक कार्यकाल के दौरान स्वीकृत किए गए मुस्लिम जमात के लिए बनाए गए सामुदायिक भवन जिसकी लागत 5 लाख थी का ग्राम सरदा में लोकार्पण किया ज्ञात की पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के कार्यकाल में ग्राम सरदा में लाखों रुपए के विभिन्न विकास कार्य स्वीकृत किए गए थे जिसमें से मुस्लिम जमात के लिए स्वीकृत सामुदायिक भवन का लोकार्पण आज किया गया। ग्राम सरदा के लोगों में आज भी पूर्व विधायक के कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों की चर्चा सुनी जा सकती है जिन्हें लोग याद करते हैं इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि उनसे अपने कार्यकाल में सभी समाजों के लिए जितना अधिक से अधिक विकास कार्य हो सके उसे पूरा करने का भर्षक प्रयास किया गया और अपने इस सोच में वह बहुत हद तक कामयाब भी रहे विशेष कर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेमेतरा प्रवास के दौरान समाज के सभी वर्गों को उनसे भेंट मुलाकात के दौरान मुलाकात करवरकर राज्य सरकार से सभी समाज को भवन दिलाने भवन के लिए भूमि दिलवाने का कार्य किया गया जो जनता के द्वारा ही संभव हो सका आम जनता का आशीर्वाद था जिससे वह इस कार्य को कर पाने में सफल हुए पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने इस अवसर पर मुस्लिम जमात के सभी सदस्यों को सामुदायिक भवन के लिए अपनी ओर से शुभकामनाएं प्रेषित की और कहा कि यह समाज का भवन निश्चित ही समाज के विकास के लिए उपयोगी होगा जहां सब बैठकर समाज के हित में निर्णय ले सकेंगे कार्य कर पाएंगे।



#### ये रहे उपस्थित

लोकार्पण के कार्यक्रम में फिरोज अली, नजीर अली, मोहम्मद खान, किस्मत अली, गरीब अली, इमरान अली, पालु साहू, सूरत राम साहू, ललित विश्वकर्मा, मनोज शर्मा, चिंता कोसले, बलराम साहू, चेतन साहू, शरद साहू, ममता साहू व मनीष साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

